epaper
हिन्दुस्तान

भारत-ब्रिटेन के बीच 100 अरब का करार संभव

22/04/2022

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन दो दिन की भारत यात्रा पर गुरुवार को अहमदाबाद पहुंचे। शुक्रवार को वह प्रधानमंत्री नरेंद्र्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान एक अरब पाउंड यानी करीब 100 अरब रुपये के निवेश को लेकर करार होने की उम्मीद जताई जा रही है।

ब्रिटेन के उच्चायोग ने इसे द्विपक्षीय व्यापार तथा निवेश संबधों में नए युग की शुरुआत बताया। इस दौरे पर सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग से लेकर ब्रिटेन में भारतीयों के लिए कौशल वीजा तक कई अहम ऐलान हो सकते हैं। इससे पहले बोरिस जॉनसन साबरमती आश्रम पहुंचे और महात्मा गांधी को असाधारण व्यक्ति बताया। इस आश्रम का दौरा करने वाले वे ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री हैं। **भारतीय निवेश बढ़ेगा**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन गुरुवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ पंचमहल में जेसीबी फैक्ट्री पहुंचे और बुलडोजर पर सवार हो गए। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई। बुलडोजर बनाने वाली कंपनी ब्रिटेन की ही है। • प्रेट्र